Export of Sugar

10337. SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) how much quantity of sugar was supposed to be exported before imposition of ban on export of sugar;

(b) how much foreign exchange was to be realised; and

(c) whether export of sugar will start in the current year or not?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KHURSHED ALAM KHAN): (a) A total of 2.30 lakh tonnes of sugar was supposed to be exported before the imposition of ban on export of sugar.

(b) The foreign exchange realisation would have been about Rs. 125 crores.

(c) The export of sugar is at present banned.

'लीडर एण्ड भारत' समाचार पत्र निकालने वाले संगठन द्वारा चल और अचल सम्पत्ति का अधिग्रहण

10338. **श्री आर. एन. राकेश**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एक संगठन ने, जो इलाहाबाद से 'लीडर एण्ड भारत' दैनिक समाचार पत्र, निकाल रहा था, जिसका प्रकाशन अब बन्द हो गया है, इन दैनिक पत्रों से हुई आय से बड़ी चल तथा अचल सम्पत्ति का अधिग्रहण कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इसका मूल्य क्या है; और

(ग) क्या बिड़ला बन्धु इस सम्पत्ति को हड़पना चाहते हैं?

वित्त मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मगनभाई बारोट): (क) और (ख). 31 मार्च, 1979 तथा 31 मार्च 1980 की स्थिति के अनुसार मैसर्स न्यूजपेपर्स लिमिटेड के तुलन-पत्र से यह पता नहीं चलता कि उसकी चल तथा अचल सम्पत्तियों में कोई भारी वृद्धि हुई हो।

(ग) बिड़ला बन्धुओं द्वारा सम्पत्ति हड़प लिये जाने के बारे में मंत्रालय के पास कोई सूचना नहीं है।

Composition of Board of Directors of ITDC

10339. SHRI N. SOUNDARAJAN: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) when the Board of Directors to India Tourism Development Corporation (I.T.D.C.) will be constituted; and

(b) what are the reasons for not constituting Board of Directors of I.T.D.C. so far?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) and (b). The Board of Directors of India Tourism Development Corporation has since been reconstituted with effect from 28-3-1981.

मैसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी, अमरोहा (उत्तर प्रदेश)

10340. **श्री भीखाभाई** :

श्री धर्मदास शास्त्री :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी, अमरोहा (उत्तर प्रदेश) किस तारीख को स्थापित हुई थी और उसके क्या कृत्य हैं;

(ख) क्या इस कम्पनी ने कोई केन्द्रीय उत्पादन शुल्क लाइसेंस प्राप्त किया है;